Workshop
2021-22

(2)

25.11.21

आवश्यक सूचना

सभी एन सी सी कैडेट्स को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.11.2021 को दोपहर 2:30 बजे व्यायामशाला में इनसीटू - फसल अवशेष प्रबन्धन एवं भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

अतः सभी कैडेट्स को उक्त कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है।

6/4 UP NCC COY
JC, BAKEWAR

Principal
Janta College
Bakewar (Etawah)

रिपोर्ट / विवरण

आज दिनांक 26.11.2021 को जनता कॉलेज बकेवर इटावा में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर कॉलेज NCC एवं NSS स्काउट द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र इटावा के संयुक्त तत्वाधान में इन सीटू फसल अवशेष प्रबन्धन विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा० राजेश किशोर त्रिपाठी द्वारा की गई। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि. कानपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र इटावा के कृषि वैज्ञानिक डा० मृत्युंजय कुमार सिंह एवं डा० विजय बहादुर जायसवाल जी ने इनसीटू फसल अवशेष प्रबन्धन पर छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन डा० पी० के० मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपलब्ध रहे। अन्त में सभी को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई गई।

Principal
Janta College
Bakewar (Etawah)

(3)

हिन्दी दैनिक अमर उजाला में प्रकाशित खबर —

फसल अवशेष प्रबंधन पर छात्रों को किया गया जागरूक

बकेवर। जनता कालेज, बकेवर, में कृषि विज्ञान केन्द्र इटावा के तत्वावधान में एक दिवसीय कालेज स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन पर मोबलाइजेशन एवं जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। चंद्र शेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा डा0 मृत्यंजय कुमार सिंह एंव डॉ0 विजय बहादुर जायसवाल के दिशा निर्देशन जनता कालेज, बकेवर, इटावा के प्राचार्य द्वारा कालेज स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन पर छात्र जागरूकता अभियान का कायर्क्रम आयोजित किया गया जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

डॉ0 विजय बहादुर जायसवाल वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा बताया गया कि1 टन पराली को खेत में मिलाने पर 5.5 किलोग्राम नत्रजन, 2.3 किलोग्राम फ़ास्फोरस, 25 किलोग्राम पोटाश, 1.2 किलोग्राम गंधक के अलावा आवश्यक मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्व सूक्ष्मजीव होते हैं जो खेत की उवर्रा शक्ति को बढ़ाने में काम आते हैं। प्राचार्य डा0 राजेश किशोर त्रिपाठी नें बताया कि एक टन पराली में आग लगाने से तीन किलोग्राम सूक्ष्म कणों के भाग, 60 किलोग्राम काबर्न मोनोऑक्साइड गैस, 1460 किलोग्राम काबर्न डाइऑक्साइड गैस, 199 किलोग्राम राख, 2 किलोग्राम सल्फर डाइऑक्साइड गैस अलावा विभिन्न तरह का प्रदूषण होता है जो हमारे शरीर में आंखों में फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है, तथा वेस्ट डी कंपोजर का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी तथा पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उपरोक्त विशयान्तगर्त इस कायर्क्रम में कालेज में वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों कॉलेज प्राचार्य डॉ0 राजेश त्रिपाठी के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस कायर्क्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई, डॉ0 डीजे मिश्रा, डॉ0 एमपी यादव, डॉ0 एके पाण्डेय, डॉ0 मनोज यादव तथा डॉ0 विनोद कुमार सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 डीजे मिश्रा ने किया।

Principal
Janta College
Bakewar (Etawah)

दिनांक : 27/11/2021

Scanned with OKEN Scanner

भारतीय संविधान दिवस एवं इनसीटू फसल अवशेष प्रबन्ध की प्रमुख झलकियाँ

Date – 26/11/2021

Principal
Janta College
Bakewar (Etawah)

विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते प्राचार्य 06.01.2021